include according high priority to this sector, and thereby allowing automatic approval of foreign technology agreement, foreign equity up to 51%. Technology upgradation is an on-going process. The Ministry under its Plan Schemes provides financial assistance to various Institutes i.e. Central Food Technological Research Institute, Mysore, Indian Institute of Technology, Kharagpur, Paddy Process Research Centre, Thanjavur etc. for Research and Development Programmes.

(c) As a result of the various steps taken by the Government from time to time, the export of processed foods and marine products have increased from Rs. 3527 Crores in 1992-93 to Rs. 10,382 Crores in 1995-96. This growth trend is expected to continue.

गुजरात में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित परियोजनाओं को पूरा किया जाना

1947. **श्री चिमनभाई हरीभाई शुक्ला** : क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) चालू योजनावधि के दौरान गुजरात में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित कितनी परियोजनाएं आरंभ और पूरी की गई हैं;

(ख) इन परियोजनओं पर मूल रूप से कितनी धनराशि खर्च होने का अनुमान लगाया था,

(ग) क्या उक्त आकलनों को तत्पश्चात, संशोधित किया गया था, और

(घ) यदि हां , तो इस परियोजनओं को पूरा करने हेतु अंतिम रूप से कितनी धनराशि ,खर्च होने की संभावना है?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिलीप राय) : (क) से (घ) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्वंय किसी राज्य में किसी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना नहीं करता । वैसे भी अल्कोहल पेयों के किण्वन और आसवन तथा लघु क्षेत्र के लिए आरक्षित मदों को छोडकर अधिकांश खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को लाइसेंसमुक्त कर दिय गया है । उदारीकरण से लेकर दिसम्बर, 1996 तक गुजरात राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए 3974 करोड़ रूपये के पूंजी निवेश वाले 316 औद्योगिक उद्यमी ज्ञापन पेश किए गए हैं । इनमें से 1536 करोड़ के पूंजी निवेश वाली 78 परियोजनाए कार्यान्वित की जा चुकी है।

इसके अलावा इसी अविध के दौरान गुजरात राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में शतप्रतिशत निर्यातोन्मुखी यूनिटों, संयुक्त उद्यमों आदि की स्थापना के लिए 433 करोड़ रूपये के पूंजी निवेश वाले 49 अनुमोदनों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 20 करोड़ रूपये के पूंजी निवेश वाली 10 परियोजनाएं कार्यान्वित की जा चुकी है।

Setting up of Food Processing Industries in Punjab, Uttar Pradesh and Bihar

1948. SHRI MOHINDAR SINGH KALYAN: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state the number and details of food processing industries set up in Punjab, Uttar Pradesh and Bihar during the last three years district-wise?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI DILIP KUMAR RAY): Food Processing Industries are both in the organised and unorganised sectors. As such, information relating to number of food processing industries in the country State-wise is not maintained cetrally.

खाद्य प्रसंस्करण एककों के सबंध में सर्वेक्षण

1949. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विद्यामान खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के संबंध में राज्य-वार कोई सर्वेक्षण कराया गया है,

(ख) यदि हां, तो 31 जनवरी, 1997 की स्थिति के अनुसार देश में, विशेष रूप से गुजरात में, राज्य-वार कितने एकक कार्य कर रहे हैं,

(ग) अप्रैल से दिसम्बर, 1996 तक गुजरात और अन्य राज्यों में कितने एकक स्थापित किए गए, और

(घ) केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु क्या-क्या सुविधाएं और वित्तीय तथा अन्य सहायता प्रदान की जा रही हैं?